## मौर्य साम्राज्य

1. चाणक्य का अन्य नाम था–
(अ) भट्टस्वामी (ब) विष्णुगुप्त
(स) राजशेखर (द) विशाखदत्त
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– चाणक्य के अन्य नाम विष्णुगुप्त ओर कौटिल्य था। वे तक्षशिला के आचार्य थे। उन्होंने नंद वंश का नाश करके चन्द्रगुप्त मौर्य को राजा बनाया था। चाणक्य, चन्द्रगुप्त मौर्य के महामंत्री थे।
2. निम्नलिखित में से किसकी तुलना मैकियावेली के 'प्रिंस' से की जाती है ?
(अ) कालिदास का 'मालविकाग्निमित्र'
(ब) कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र'
(स) वात्स्यायन का 'कामसूत्र'
(द) तिरुवल्लुवर का 'तिरुक्कुरल'
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– चाणक्य (कौटिल्य या विष्णुगुप्त) द्वारा संस्कृत भाषा में रचित ग्रंथ 'अर्थशास्त्र' की तुलना मैकियावेली द्वारा रचित 'प्रिंस' से की जाती है। अर्थशास्त्र में राजव्यवस्था, कृषि, न्याय एवं राजनीति आदि के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया है। राज्य प्रबंधन के विषयक यह प्राचीनतम ग्रंथ है। इसकी शैली उपदेशात्मक और सलाहात्मक है।
3. वह शासक कौन था जिसने राजसिंहासन पर बैठने के लिए अपने बड़े भाई सुसीम की हत्या की थी ?
(अ) अशोक (ब) अजातशत्रु
(स) कनिष्क (द) सिमुक
उत्तर : (अ) SSC 2002
व्याख्याः– जब मौर्य शासक बिन्दुसार वृद्ध और रुग्ण थे और उसके उत्तराधिकारी सुसीम से लोग तंग आ चुके थे और उन्होंने अशोक को राजसिंहासन हथिया लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी दौरान अशोक जब आश्रम में थे तब उनको खबर मिली कि उनकी माँ को सौतले भाईयों ने मार डाला, तब उन्होंने महल में जाकर अपने सारे भाईयों की हत्या कर दी और मौर्य राजसिंहासन पर बैठे।
4. निम्नलिखित में से सम्राट अशोक की वह पत्नी कौन थी जिसने उसको प्रभावित किया था ?
(अ) चंडालिका (ब) चारुलता
(स) गौतमी (द) कारुवाकी
उत्तर : (द) SSC 2003
व्याख्याः– कहा जाता है कि रानी कारूवाकी एक मछुवारन थी जो बाद में सम्राट अशोक की पत्नी बनी। उन्होंने बौद्ध धर्म को अपनाया तथा अशोक की दूसरी पत्नी बनी। अशोक के लघु शिलालेखों में से एक रानी शिलालेख से वह अमर हो गयी। इस शिलालेख के अनुसार वह अशोक की दूसरी पत्नी थी।
5. अशोक ने अपने सभी अभिलेखों में एकरुपता से किस प्राकृत भाषा का प्रयोग किया ?
(अ) अर्धमागधी (ब) शौरसेनी
(स) मागधी (द) अंगिका
उत्तर : (स) SSC 2000
व्याख्याः– मौर्य शासक अशोक ने अपने सभी अभिलेखों में एकरुपता से प्राकृत भाषा 'मागधी' का प्रयोग किया। मागधी उस प्राकृत भाषा का नाम है जो प्राचीन काल में मगध (दक्षिण बिहार) प्रदेश में प्रचलित थी। इस भाषा का उल्लेख महावीर स्वामी और बुद्ध के काल से मिलते हैं। जैन आगमों के अनुसार तीर्थंकर महावीर स्वामी के उपदेश इसी भाषा अथवा उसी के रूपांतर अर्धमागधी प्राकृत भाषा में होता था।
6. बिन्दुसार ने विद्रोहियों को कुचलने के लिए अशोक को कहाँ भेजा था ?
(अ) स्वर्णगिरि (ब) तक्षशिला
(स) उज्जैन (द) वैशाली
उत्तर : (ब) SSC 1999
व्याख्याः– अशोक का ज्येष्ठ भाई सुसीम तक्षशिला का प्रान्तपाल था, तब सुसीम के अकुशल प्रशासन के कारण तक्षशिला में विद्रोह हुआ तथा सुसीम के कहने पर मौर्य शासक बिन्दुसार ने राजकुमार अशोक को विद्रोह के दमन के लिए तक्षशिला भेजा।
7. निम्नलिखित में से वह व्यक्ति कौन है जिसका नाम 'देवनामप्रिय या प्रियदर्शी' भी था ?
(अ) अशोक (ब) चन्द्रगुप्त
(स) गौतम बुद्ध (द) भगवान महावीर
उत्तर : (अ) SSC 2003, Utt. PCS 2011
व्याख्याः– देवनामप्रिय या प्रियदर्शी मौर्य शासक अशोक के उपनाम है। मास्की, गुर्जरा, नेत्तुर एवं उडेगोलम के लेखों में अशोक का नाम अशोक मिलता है। पुराणों में अशोक को अशोकवर्धन कहा गया है।
8. निम्नलिखित में से प्राचीनतम राजवंश है–
(अ) मौर्य (ब) गुप्त
(स) कुषाण (द) कण्व
उत्तर : (अ) SSC 2002
व्याख्याः– मौर्य राजवंश सबसे प्राचीन था। उसके पश्चात् प्रमुख राजवंश क्रमशः शुंग वंश, कण्व वंश, सातवाहन वंश, शक वंश, कुषाण वंश एवं गुप्त वंश थे।

www.rajstudents.com

9. चाणक्य किसका प्रधानमंत्री था ?
(अ) चन्द्रगुप्त द्वितीय (ब) चन्द्रगुप्त मौर्य
(स) अशोक (द) अजातशत्रु
उत्तर : (ब) RRB 2005, UPPCS 2002
व्याख्या:– चाणक्य के अन्य नाम विष्णुगुप्त ओर कौटिल्य था। उन्होंने नंद वंश का नाश करके चन्द्रगुप्त मौर्य को राजा बनाया था। चाणक्य, चन्द्रगुप्त मौर्य के महामंत्री थे।

10. कलिंग विजय के उपरांत अशोक ने निम्नलिखित किस धर्म को अंगीकार कर लिया था ?
(अ) जुडिज्म (ब) बौद्ध
(स) हिन्दू (द) जैन
उत्तर : (ब) RRB 2005
व्याख्या:– अशोक के तेरहवें शिलालेख के अनुसार अशोक ने अपने अभिषेक के 8 वर्ष बाद लगभग 261 ईसा पूर्व में कलिंग पर आक्रमण किया और कलिंग की राजधानी तोसली पर अधिकार कर लिया। कलिंग विजय उसकी आखिरी विजय थी। इसके पश्चात् उसने बौद्ध धर्म अपना लिया। उपगुप्त नामक बौद्ध भिक्षु ने अशोक को बौद्ध धर्म की दीक्षा दी थी।

11. चन्द्रगुप्त के शासन विस्तार में किसने मुख्य रूप से मदद की थी ?
(अ) शुद्धोधन (ब) उमागुप्त
(स) चाणक्य (द) शूद्रक
उत्तर : (स) RRB 2003

12. प्राचीन भारत का वह प्रसिद्ध शासक जिसने अपने जीवन के अंतिम दिनों में जैन धर्म को अपनाया था–
(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य (ब) अशोक
(स) समुद्रगुप्त (द) बिन्दुसार
उत्तर : (अ) RRB 2004

13. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की ?
(अ) बिन्दुसार (ब) चन्द्रगुप्त मौर्य
(स) अशोक (द) बिम्बिसार
उत्तर : (ब) RRB 2005

14. मौर्य साम्राज्य में प्रचलित मुद्रा का नाम क्या था ?
(अ) पण (ब) तोल
(स) काकणी (द) दीनार
उत्तर : (अ) RRB 2005

15. निम्नांकित में से कौन मौर्य वंश का शासक नहीं है ?
(अ) अजातशत्रु (ब) चन्द्रगुप्त मौर्य
(स) अशोक (द) बिन्दुसार
उत्तर : (अ) RRB 2005

16. मालवा, गुजरात एवं महाराष्ट्र किस शासक ने पहली बार जीते ?
(अ) हर्ष (ब) स्कंदगुप्त
(स) विक्रमादित्य (द) चन्द्रगुप्त मौर्य
उत्तर : (द)

17. 'अर्थशास्त्र' का लेखक समकालीन था–
(अ) अशोक का
(ब) चन्द्रगुप्त का
(स) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का
(द) समुद्रगुप्त का
उत्तर : (ब) AAO 2002

18. नंद वंश के पश्चात् मगध पर किस राजवंश ने शासन किया ?
(अ) मौर्य (ब) शुंग
(स) गुप्त (द) कुषाण
उत्तर : (अ) SSC 1999

19. प्रसिद्ध यूनानी राजदूत मेगस्थनीज भारत में किसके दरबार में आए थे ?
(अ) अशोक (ब) हर्षवर्धन
(स) चन्द्रगुप्त मौर्य (द) हेमू
उत्तर : (स) RAS/RTS 1998

20. पाटलिपुत्र में स्थित चन्द्रगुप्त का महल मुख्यतः बना था–
(अ) ईटों का (ब) पत्थर का
(स) लकड़ी का (द) मिट्टी का
उत्तर : (स) BPSC 1996

21. चन्द्रगुप्त मौर्य ने सेल्यूकस को कब पराजित किया ?
(अ) 352 ई.पू. में (ब) 305 ई.पू. में
(स) 173 ई.पू. में (द) 261 ई.पू. में
उत्तर : (ब)

22. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. उत्तरापथ | 1. तक्षशिला |
| B. दक्षिणापथ | 2. सुवर्णगिरी |
| C. अवन्तिराष्ट्र | 3. उज्जयिनी |
| D. प्राची (पूर्वी प्रदेश) | 4. पाटलिपुत्र |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

23. किस जैन ग्रंथ में चन्द्रगुप्त मौर्य के जैन धर्म अपनाने का उल्लेख मिलता है ?
(अ) पूर्व (ब) परिशिष्टपर्वन
(स) अंग (द) उपांग
उत्तर : (ब)

24. श्रीनगर की स्थापना किस मौर्य शासक ने की ?
(अ) अशोक (ब) बिन्दुसार
(स) चन्द्रगुप्त (द) दशरथ
उत्तर : (ब) UPPSC 2007

25. किस ग्रंथ में शूद्रों के लिए 'आर्य' शब्द का प्रयोग हुआ है ?
(अ) अर्थशास्त्र (ब) मुद्राराक्षस
(स) अष्टाध्यायी (द) वृहत्कथामंजरी
उत्तर : (अ)

26. मेगस्थनीज की पुस्तक का नाम क्या है ?
(अ) अर्थशास्त्र (ब) ऋग्वेद
(स) पुराण (द) इण्डिका
उत्तर : (द) BPSC 2005

27. जिसके ग्रंथ में चन्द्रगुप्त मौर्य का विशिष्ट रूप से वर्णन हुआ है, वह है–
(अ) भास (ब) शूद्रक
(स) विशाखदत्त (द) अश्वघोष
उत्तर : (स) BPSC 2004

28. वह स्रोत, जिसमें पाटलिपुत्र के प्रशासन का वर्णन उपलब्ध है, वह है–
(अ) दिव्यावदान (ब) अर्थशास्त्र
(स) इण्डिका (द) अशोक के शिलालेख
उत्तर : (स) BPSC 2004

29. किसके शासनकाल में डाइमेकस भारत आया था ?
(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य (ब) बिन्दुसार
(स) अशोक (द) कनिष्क
उत्तर : (ब) UPPCS 2007

30. ''भारतीय लिखने की कला नहीं जानते'' यह किसकी उक्ति है ?
(अ) कौटिल्य (ब) प्लिनी
(स) प्लूटार्क (द) मेगास्थनीज
उत्तर : (द)

31. चाणक्य का अन्य नाम था–
(अ) भट्टस्वामी (ब) विष्णुगुप्त
(स) राजशेखर (द) विशाखदत्त
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– चाणक्य के अन्य नाम विष्णुगुप्त ओर कौटिल्य था। उन्होंने नंद वंश का नाश करके चन्द्रगुप्त मौर्य को राजा बनाया था। चाणक्य, चन्द्रगुप्त मौर्य के महामंत्री थे।

32. कौटिल्य द्वारा रचित 'अर्थशास्त्र' कितने अधिकरणों में विभाजित है ?
(अ) 11 (ब) 12
(स) 14 (द) 15
उत्तर : (द) BPSC 2008

33. विशाखदत्त के प्राचीन भारतीय नाटक 'मुद्राराक्षस' की विषय वस्तु है–
(अ) प्राचीन हिन्दू जनश्रुति के देवताओं और राक्षसों के बीच संघर्ष के बारे में
(ब) एक आर्य राजकुमार और एक कबीलाई महिला की प्रेमकथा के बारे में
(स) दो आर्य कबीलों के बीच सत्ता के संघर्ष की कथा के बारे में
(द) चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में राजदरबार की दुरभिसंधियों के बारे में
उत्तर : (द)

34. 'मुद्राराक्षस' का लेखक निम्न में से कौन है ?
(अ) अश्वघोष (ब) विशाखदत्त
(स) कालिदास (द) भारत
उत्तर : (ब)

35. किस अभिलेख से यह साबित होता है कि चन्द्रगुप्त का प्रभाव पश्चिम भारत तक फैला हुआ था ?
(अ) कलिंग अभिलेख
(ब) अशोक का गिरनार अभिलेख
(स) रुद्रदमन का जूनागढ़ अभिलेख
(द) अशोक का सोपारा अभिलेख
उत्तर : (स) BPSC 1991

36. बिन्दुसार की मृत्यु के समय अशोक एक प्रांत का गवर्नर था। इस प्रांत की पहचान करें–
(अ) उज्जैन (ब) तक्षशिला
(स) सुवर्णगिरि (द) तोसली
उत्तर : (अ)

37. किस मौर्य सम्राट् ने एक विदेशी राजा सीरिया के एण्टियोकस प्रथम से अंजीर, शराब और दार्शनिक को भारत भेजने का आग्रह किया था ?
(अ) चन्द्रगुप्त (ब) बिन्दुसार
(स) अशोक (द) कुणाल
उत्तर : (ब)

38. निम्नलिखित में से अशोक का उत्तराधिकारी कौन था ?
(अ) कुणाल (ब) बिन्दुसार
(स) राहुल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) RRB 2005

39. किसने सहिष्णुता, उदारता और करुणा के त्रिविध आधार पर राजवंश की स्थापना की थी ?
(अ) अशोक (ब) अकबर
(स) रणजीत सिंह (द) शिवाजी महाराज
उत्तर : (अ)

40. मौर्य काल में शिक्षा का सर्वाधिक प्रसिद्ध केन्द्र था–
(अ) वैशाली (ब) नालंदा
(स) तक्षशिला (द) उज्जैन
उत्तर : (स) BPSC 2005

www.rajstudents.com

41. अशोक के शिलालेखों में प्रयुक्त भाषा है–
(अ) संस्कृत (ब) प्राकृत
(स) पालि (द) हिन्दी
उत्तर : (ब) BPSC 2004

42. निम्नलिखित किस शहर में अशोक के शिलालेख नहीं है ?
(अ) गिरनार (ब) कन्धार
(स) पाटलिपुत्र (द) टोपरा
उत्तर : (स) NDA 2002

43. निम्नलिखित में किस मौर्य राजा ने दक्कन की विजय प्राप्त की थी ?
(अ) अशोक (ब) चन्द्रगुप्त
(स) बिन्दुसार (द) कुणाल
उत्तर : (ब) BPSC 2004

44. प्रथम भारतीय साम्राज्य स्थापित किया गया–
(अ) कनिष्क द्वारा (ब) हर्ष द्वारा
(स) चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा (द) समुद्रगुप्त द्वारा
उत्तर : (स) UPPCS 2002

45. मेगस्थनीज ने भारतीय समाज को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया ?
(अ) चार (ब) पाँच
(स) छः (द) सात
उत्तर : (द) BPSC 2004

46. कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में किस पहलू पर प्रकाश डाला गया है ?
(अ) आर्थिक जीवन (ब) राजनीतिक नीतियाँ
(स) धार्मिक जीवन (द) सामाजिक जीवन
उत्तर : (ब) BPSC 2002

47. निम्न में से कौन–सा क्षेत्र अशोक के साम्राज्य में सम्मिलित नहीं था ?
(अ) अफगानिस्तान (ब) बिहार
(स) श्रीलंका (द) कलिंग
उत्तर : (स) BPSC 1998

48. पाटलिपुत्र को किस शासक ने सर्वप्रथम अपनी राजधानी बनाई ?
(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य
(ब) अशोक
(स) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(द) कनिष्क
उत्तर : (अ) BPSC 1998

49. बराबर (गया जिला) की गुफाओं का उपयोग किसने आश्रय गृह के रूप में किया ?
(अ) आजीविकों ने (ब) थारुओं ने
(स) जैनों ने (द) तांत्रिकों ने
उत्तर : (अ) BPSC 1995

50. केवल वह स्तम्भ जिसमें अशोक ने स्वयं को मगध का सम्राट बताया है–
(अ) मस्की का लघु स्तम्भ
(ब) रुम्मिनदेई स्तम्भ
(स) क्वीन स्तम्भ
(द) भाब्रू स्तम्भ
उत्तर : (द) BPSC 1994

51. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. चन्द्रगुप्त | 1. प्रियदस्सी |
| B. बिन्दुसार | 2. सेंड्रोकोट्टम |
| C. अशोक | 3. अमित्रघात |
| D. चाणक्य | 4. विष्णुगुप्त |

(अ) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(ब) A – 1, B – 3, C – 2, D - 4
(स) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
(द) A – 3, B – 4, C – 2, D - 1
उत्तर : (स) UPPCS 2003

52. उत्तराखंड में अशोक का एक शिलालेख स्थित है–
(अ) देवप्रयाग में (ब) कालसी में
(स) केदारनाथ में (द) ऋषिकेश में
उत्तर : (ब) Utt.PSC 2005

53. सांची का स्तूप किसने बनवाया ?
(अ) अशोक (ब) गौतम बुद्ध
(स) चन्द्रगुप्त (द) खरगोन
उत्तर : (अ) MPPSC 1995

54. अशोक के शिलालेखों को पढ़ने वाला प्रथम अंग्रेज कौन था ?
(अ) जॉन टावर (ब) हैरी स्मिथ
(स) चाल्स मेटकाफ (द) जेम्स प्रिंसेप
उत्तर : (द) SSC 2012

55. कलिंग युद्ध की विजय तथा क्षत्रियों का वर्णन अशोक के किस षिलालेख में है ?
(अ) शिलालेख I (ब) शिलालेख II
(स) शिलालेख XII (द) शिलालेख XIII
उत्तर : (द) RAS/RTS 1999

56. अशोक के अधिकांश अभिलेख किस भाषा व लिपि में है ?
(अ) प्राकृत व ब्राह्मी (ब) संस्कृत व ब्राह्मी
(स) पालि व ब्राह्मी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

57. किस ग्रंथ में चन्द्रगुप्त मौर्य के लिए 'वृषल' (निम्न कुल) शब्द का प्रयोग किया गया है ?
(अ) ब्राह्मण साहित्य (ब) जैन साहित्य
(स) मुद्राराक्षस (द) बौद्ध ग्रंथ
उत्तर : (स)

58. निम्नलिखित में से कौन–सा राजा प्रायः जनता के सम्पर्क में रहता था ?
(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य
(ब) अशोक
(स) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(द) बिन्दुसार
उत्तर : (ब) J&K PSC 2002

59. अशोक के कौन–से शिलालेख संगम राज्य के बारे में जानकारी देते हैं ?
(अ) पहला एवं दसवाँ (ब) पहला एवं ग्याहरवाँ
(स) दूसरा एवं तेरहवाँ (द) दूसरा एवं चौदहवाँ
उत्तर : (स) UPPSC 1998

60. अशोक ने अपने राज्याभिषेक के चौथे वर्ष में निग्रोथ के प्रभाव से प्रभावित होकर किससे बौद्ध धर्म की दीक्षा ली ?
(अ) नागार्जुन (ब) निग्रोथ
(स) उपगुप्त (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

61. कथन (A) : अशोक ने कलिंग को मौर्य साम्राज्य में जोड़ लिया था।
कारण (R) : कलिंग दक्षिण भारत को आने वाले स्थलीय एवं समुद्री मार्गों को नियंत्रित करता था।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (अ) UPPCS 2000

62. कथन (A) : अशोक के राज्यादेशों के अनुसार धार्मिक निष्ठा की अपेक्षा जनता के मध्य सामाजिक समरसता अधिक महत्वपूर्ण थी।
कारण (R) : उसने धर्म संवर्धन के स्थान पर समता के विचारों का प्रसार किया।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (अ) UPPCS 1998

63. अशोक के बारे में जानने के लिए महत्वपूर्ण स्त्रोत है–
(अ) आहत मुद्रा (ब) शिलालेख
(स) यूनानी लेख (द) बौद्ध साहित्य
उत्तर : (ब)

64. अशोक ने 261 ई.पू. में कलिंग को जीतने के बाद क्या किया ?
(अ) अपने राज्य की सीमा बढ़ायी
(ब) विश्व विजय के लिए निकल पड़ा
(स) भारी रक्तपात देखकर युद्ध की नीति को सदा के लिए त्याग दिया
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

65. निम्नलिखित में से किस राज्यादेश में अशोक के व्यक्तिगत नाम (अशोक) का उल्लेख मिलता है ?
(अ) कालसी
(ब) रुम्मिनदेई
(स) विशिष्ट कलिंग राज्यादेश
(द) मास्की
उत्तर : (द) IAS 1997

66. निम्नलिखित वक्तव्यों में कौन–सा वक्तव्य अशोक के प्रस्तर स्तम्भों के बारे में गलत है ?
(अ) इन पर बढ़िया पॉलिश है
(ब) ये अखण्ड है
(स) स्तम्भों का शैफ्ट शुण्डाकार है
(द) ये स्थापत्य संरचना के भाग हैं
उत्तर : (द) UPPSC 1997

67. किसने पाटलिपुत्र को 'पोलिब्रोथा' कहा ?
(अ) मेगास्थनीज (ब) स्टैबो
(स) प्लूटार्क (द) एरियन
उत्तर : (अ)

68. मौर्य काल में 'एग्रनोमाई' किसे कहा जाता था ?
(अ) भवन निर्माण अधिकारी
(ब) सड़क निर्माण अधिकारी
(स) कृषि विभाग का अधिकारी
(द) माप–तौल का अधिकारी
उत्तर : (ब)

69. मौर्य काल में गुप्तचरों को क्या कहा जाता था ?
(अ) गूढ़ पुरुष (ब) गुप्तचर
(स) संस्था एवं संचार (द) खोजी
उत्तर : (अ)

70. किस श्रीलंकाई शासक ने अपने आपको मौर्य सम्राट् अशोक के आदर्शों के अनुरूप ढालने की कोशिश की ?
(अ) महाबलि (ब) वीरसिंधे
(स) तिस्स (द) राणासिंधे
उत्तर : (स)

71. अशोक के काल में कौन–सी लिपि दक्षिण भारत में प्रवर्तित हुई थी ?
(अ) ब्राह्मी (ब) अरमाईक
(स) खरोष्ठी (द) यूनानी
उत्तर : (अ)

72. अत्यंत पॉलिश किये गये एकाश्म अशोक स्तम्भ जिस पाण्डुरंजित बालुकाश्म के एकल टुकड़ों में तक्षित किये गये, उसे साधारणतः कहाँ की खदानों से निकाला गया ?
(अ) मिर्जापुर के समीप चुनार
(ब) लौनियानंद गढ़
(स) वाराणसी के समीप सारनाथ
(द) भुवनेश्वर के समीप उदयगिरि
उत्तर : (अ)

73. अशोक द्वारा कलिंग पर चढ़ाई की जानकारी के लिए कौन सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है ?
(अ) महावंश
(ब) दिव्यावदान
(स) तेरहवें वृहत् शिलालेख
(द) सातवाँ स्तम्भ अभिलेख
उत्तर : (स)

74. किस शिलालेख में अशोक ने घोषणा की है कि सभी मनुष्य मेरे बच्चे हैं ?
(अ) पृथक् कलिंग शिलालेख
(ब) दूसरा वृहत् शिलालेख
(स) पाँचवाँ वृहत् शिलालेख
(द) बराबर गुहा लेख
उत्तर : (स)

75. कौन–सा अभिलेख युद्ध और हिंसा के प्रति अशोक के आन्तरिक दुःख को स्पष्ट करता है ?
(अ) गिरनार शिलालेख
(ब) मनसेहरा शिलालेख
(स) पाँचवाँ वृहत् शिलालेख
(द) कलिंग का पृथक शिलालेख
उत्तर : (द)

76. किस शिलालेख में अशोक की यह घोषणा अंकित है कि–''किसी भी समय, चाहे मैं खाता हूँ या रानी के साथ विश्राम करता रहूँ या मैं अपने अंतःशाला में रहूँ, मैं जहाँ भी रहूँ, मेरे महामात्य मुझे सार्वजनिक कार्य के लिए संपर्क कर सकते हैं ?
(अ) दूसरा शिलालेख (ब) चौथा शिलालेख
(स) पाँचवाँ शिलालेख (द) छठा शिलालेख
उत्तर : (द)

77. कहाँ से अशोक द्विभाषी (ग्रीक आरमाईक) अभिलेख प्राप्त हुए हैं ?
(अ) शेर–ए–कुना/कंधार
(ब) मनसेहरा
(स) कालसी
(द) कलिंग
उत्तर : (अ)

78. कहाँ से प्राप्त अभिलेखों में मौर्य काल में अकाल, सूखा जैसे दैवी प्रकोप के समय राज्य द्वारा राहत कार्य किये जाने का विवरण मिलता है ?
(अ) महास्थान, सोहगौरा
(ब) सोहगौरा, मस्की
(स) महास्थान कालसी
(द) भाबरु, सारनाथ
उत्तर : (अ)

79. निम्नलिखित में मौर्यकला का सबसे अच्छा है–
(अ) स्तम्भ (ब) स्तूप
(स) गुफा निर्माण (द) चैत्य
उत्तर : (अ)

80. अशोक ने श्रीलंका में बौद्ध धर्म का प्रचार हेतु किसे भेजा ?
(अ) महेन्द्र (ब) संघमित्रा
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) महारक्षित
उत्तर : (स)

81. अशोक के मनसेहरा (पाकिस्तान) एवं शहनाजगढ़ी (पाकिस्तान) से प्राप्त वृहत् शिलालेखों में किस लिपि का प्रयोग किया गया है ?
(अ) खरोष्ठी (ब) संस्कृत
(स) तमिल (द) यूनानी
उत्तर : (अ) CgPSC 2012

82. अशोक का अभिलेख भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर भी पाया गया है। निम्नलिखित में किस देश में यह पाया गया है ?
(अ) अफगानिस्तान (ब) चीन
(स) बर्मा (द) नेपाल
उत्तर : (अ)

83. 'अर्थशास्त्र' में उल्लिखित सप्तांग में शामिल थे–
(अ) राजा, क्षेत्र, प्रशासन एवं कोष
(ब) संगीत, नृत्य, राग एवं मल्ल युद्ध
(स) मंत्री, असैन्य सेवक, अधीनस्थ, मुद्रा–निर्माण से संबद्ध कर्मचारी
(द) राजकुमार, आचार्य, व्यापारी एवं साधु
उत्तर : (अ) NDA 2010

84. अशोक का समकालीन तुरमय कहाँ का राजा था ?
(अ) मिस्र (ब) कोरिंथ
(स) मेसीडोनिया (द) सीरिया
उत्तर : (अ) UPPCS 2012

85. साँची किस कला व मूर्तिकला का निरूपण करता है ?
(अ) जैन (ब) बौद्ध
(स) मुस्लिम (द) ईसाई
उत्तर : (ब) RRB 2004

86. निम्नलिखित में कौन अवरोही क्रम में जिला स्तर के अधिकारियों का नाम बताता है ?
(अ) प्रादेशिक, राजुक, युक्तक
(ब) राजुक, युक्तक, प्रादेशिक
(स) प्रादेशिक, युक्तक, राजुक
(द) युक्त, प्रादेशिक, राजुक
उत्तर : (अ)

87. 'विष्टि' है–
(अ) वैवाहिक अनुष्ठान (ब) बेगारी
(स) प्रांत (द) जिला
उत्तर : (ब)

88. मौर्य काल में 'सीता' से तात्पर्य है–
(अ) एक देवी
(ब) एक धार्मिक संप्रदाय
(स) राजकीय भूमि से प्राप्त आय
(द) ऊसर भूमि
उत्तर : (स) UPPCS 2013

89. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (शासक)
A. अशोक
B. कनिष्क
C. खारवेल
D. कुमारगुप्त
सूची–II (उपाधि)
1. विक्रमादित्य
2. कलिंग–चक्रवर्ती
3. महेन्द्रादित्य
4. देवपुत्र
5. प्रियदर्शी
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 5, B – 4, C – 2, D - 1
(स) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(द) A – 5, B – 4, C – 2, D - 3
उत्तर : (द) CDS 2004

90. सर्वप्रथम रोम के साथ किन लोगों का व्यापार प्रारंभ हुआ ?
(अ) कुषाणों का (ब) तमिलों एवं चेरों का
(स) वाकाटकों का (द) शकों का
उत्तर : (ब)

91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. सातवाहन शासक बोद्धों पर अत्याचार करते थे
2. पुष्यमित्र शुंग बौद्धों को संरक्षण देते थे
3. बोधगया में शशांक ने बोधिवृक्ष को काटा था
इनमें से कौन–सा/से कथन सही है/हैं ?
(अ) केवल 1 (ब) 2 और 3
(स) 1 और 3 (द) केवल 3
उत्तर : (द) NDA 2003

92. मौर्योत्तरकालीन प्रमुख बंदरगाहों में कौन असत्य है ?
(अ) बारवैरिकम् (ब) बेरीगाजा (भड़ौच)
(स) अरिकामेडु (द) कोचीन
उत्तर : (द) UPPSC 2005

93. विक्रम संवत् कब से प्रारंभ हुआ ?
(अ) 78 ई. (ब) 58 ई.
(स) 72 ई. (द) 56 ई.
उत्तर : (ब)

94. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (संवत्)
A. विक्रम संवत्
B. शक संवत्
C. गुप्त संवत्
D. कलियुग संवत्
सूची–II (वर्ष)
1. 3102 ई.पू.
2. 320 ई.
3. 78 ई.
4. 58 ई.पू.
(अ) A – 2, B – 4, C – 3, D - 1
(ब) A – 1, B – 3, C – 2, D - 4
(स) A – 4, B – 1, C – 2, D - 3
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (द)

95. निम्न में से किस स्थन को 'पेरिप्लस ऑफ दि इरीथ्रियन सी' में 'पोडके' नाम से संबोधित किया गया है–
(अ) बेरीगाजा (ब) अरिकामेडु
(स) बारबैरिकम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com